

# UNIVERSITY NEWS 23 JUNE 2026

NBT

## एलयू में UG पाठ्यक्रमों में अब 28 जून तक आवेदन

**NBT न्यूज, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत यूजी और यूजी प्रफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब अभ्यर्थी 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव की ओर से जारी सूचना के अनुसार, जो अभ्यर्थी अब तक अपना पंजीकरण नही करा सके हैं, वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद आवेदन की तारीख को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

HINDUSTAN

## शिक्षक अपनाएं छात्र-केंद्रित शिक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से शिक्षा विभाग के सहयोग से आठ दिवसीय ऑनलाइन एनईपी अभिमुखीकरण, संवेदनशीलता कार्यक्रम का समापन हुआ।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के पूर्व कुलपति प्रो. आरएस कुरील ने कहा कि एनईपी-2020 का उद्देश्य शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला और विद्यार्थी केंद्रित बनाना है।

## एलयू में यूजी पाठ्यक्रमों के आवेदन 28 तक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 28 जून 2026 तक प्रवेश फॉर्म भर सकेंगे। प्रवेश कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, सत्र 2026-27 की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक एवं यूजी प्रोफेशनल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 22 जून निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 28 जून कर दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने सूचना में बताया कि अभ्यर्थियों को यह अंतिम अवसर है।

AMAR UJALA

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की ओर से आयोजित आठ दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिमुखीकरण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि आर. एस. कुरील और अध्यक्ष कमल कुमार ने बहुविषयक शिक्षण व शिक्षक प्रशिक्षण पर जोर दिया। (संवाद)

## निशांत कुमार द्वितीय परिसर के निदेशक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रबंधन विज्ञान विभाग के निशांत कुमार को द्वितीय परिसर का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया है। उन्हें प्रबंधन विज्ञान संस्थान का विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी भी बनाया गया है। यह नियुक्ति तीन वर्ष या अगले आदेशों तक प्रभावी रहेगी। (संवाद)

## लविवि : आवेदन की तिथि 28 तक बढ़ाई

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। 22 जून को आवेदन के लिए अंतिम तिथि रखी गई थी जिसे बढ़ाकर अब 28 जून कर दिया गया है। हालांकि परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अभी 25 जून ही है। विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में संचालित बीफार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश सीयूईटी-यूजी मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी-यूजी 2026 की परीक्षा दी है, उन्हें लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। अंतिम तिथि 30 जून है। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

### एक नजर में

## लवि: 28 तक बढ़ी यूजी आवेदन की तिथि

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाइन प्रवेश प्रवेश फार्म भरने की तिथि 22 से बढ़ा कर 28 जून कर दी है प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि फार्म भरने का यह अंतिम अवसर दिया गया है। **वि.**

## प्रो. निशांत कुमार बने ओएसडी व निदेशक

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रबंध विज्ञान विभाग के प्रो. निशांत



कुमार को विभाग का ओएसडी एवं द्वितीय परिसर का निदेशक बनाया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अग्रिम आदेशों तक मान्य होगा। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इसकी सूचना जारी की है। **वि.**

## लवि ने आठ कोर्सों के परिणाम किए जारी

**लखनऊ :** लवि ने आठ पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। इनमें एम.ए पर्शियन, एम.एससी एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एम.एससी एजी हार्टिकल्चर, एम.एससी एजी सायल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, बी.एससी एजी आनर्स एग्रीकल्चर शामिल हैं। **वि.**

## एंथ्रोपोलाजी सोशल की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 को

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलाजी विभाग ने एम.ए, एम.एससी दूसरे सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि जारी कर दी। एंथ्रोपोलाजी सोशल की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 जून को सुबह 10 बजे होगी। **वि.**

I NEXT



लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने शपथ ली है कि वे कभी पॉलिथीन का यूज नहीं करेंगे. उन्होंने यह भी कहाकि वे लोग दूसरे स्टूडेंट्स को भी पॉलिथीन यूज न करने के लिए प्रेरित करेंगे. उन्होंने शपथ ली है कि वे लोग पेपर और जूट बैग का ही यूज करेंगे.

AMRIT VICHAR

## शोध का सांख्यिकीय ऑडिट आवश्यक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में स्टैटिस्टिकल ऑडिट ऑफ एजुकेशन रिसर्च विषयक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ। यहां अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्रवण कुमार ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक अनुसंधान के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण और उसके ऑडिट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता प्रो. एसके त्यागी ने कहा कि सांख्यिकीय ऑडिट शोध की वैधता, विश्वसनीयता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। शोध में आंकड़ों के सही संग्रहण, उपयुक्त विश्लेषण और निष्कर्षों की वैज्ञानिक व्याख्या पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

I NEXT

## रीडिंग के बेसिस पर स्टूडेंट्स को बनानी होगी रिव्यू रिपोर्ट

### राज्यपाल के निर्देश पर शुरू किया जाएगा इनीशिएटिव

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (22 June):** बुक रीडिंग एक माइंडफुल हैबिट है क्योंकि इससे न सिर्फ नॉलेज मिलती है बल्कि माइंड शार्प होता है. लर्निंग एबिलिटी बढ़ती है और तमाम फायदे हैं. गवर्नर आनन्दीबेन पटेल के निर्देश के मुताबिक अब यूनिवर्सिटीज में भी स्टूडेंट्स को हर रोज एक घंटा एक बुक पढ़नी होगी. इतना ही नहीं स्टूडेंट्स को बुक रीडिंग के बेसिस पर एक रिव्यू रिपोर्ट भी तैयार करनी होगी. जिसे जमा करना होगा. इससे स्टूडेंट्स की न सिर्फ लर्निंग होगी बल्कि उनमें क्रिटिकल थिंकिग की भी एबिलिटी डेवलप होगी. राजधानी की यूनिवर्सिटीज ने तो इस सिस्टम को अडेप्ट करने की तैयारी भी कर ली है.

### एलयू ने जारी किया सर्कुलर

गवर्नर से मिले निर्देश के आधार पर

CONCEPT PIC




लखनऊ यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार भावना मिश्रा ने सर्कुलर जारी किया है, जिसके मुताबिक यूनिवर्सिटी में भी जल्द इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा. स्टूडेंट्स हर रोज 1 घंटे किताब पढ़ेंगे. टैगोर लाइब्रेरी में दुनियाभर की किताबें हैं. जिनमें बायोग्राफी, ऑटोबायोग्राफी, रिसर्च, फिक्शन से रिलेटेड तमाम कैटेगरी की किताबें शामिल हैं. एलयू ही नहीं बल्कि इससे एफिलिएटेड कॉलेजेस में भी ये नियम लागू किया जाएगा.

DAINIK JAGRAN

## खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में पीएच.डी प्रवेश

**जासं • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में पहली बार पीएच.डी पाठ्यक्रम की शुरूआत हो रही है। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. सी.आर गौतम ने बताया कि खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य पोषण एवं आहारिकी, डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, जैव रसायन, सूक्ष्म जीव विज्ञान अथवा खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता प्रबंधन में एम.एससी या एम.टेक डिग्री धारक अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं। दाखिले प्रवेश परीक्षा से होंगे। प्रो. गौतम ने बताया कि




पीएच.डी. कार्यक्रम के दौरान शोध छात्र-छात्राएं उन्नत खाद्य प्रसंस्करण तकनीक में पैकेजिंग की विधियां, फंक्शनल फूड और वैल्यू एडेड उत्पाद बनाना, खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता प्रबंधन, खाद्य पदार्थों का पोषण मूल्यांकन और आहार योजना और उद्योग की वास्तविक समस्याओं पर नवाचार-आधारित शोध करेंगे।

HINDUSTAN

## एलयू: प्रो. निशांत कुमार बने आईएमएस ओएसडी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रबंध विज्ञान विभाग के प्रो. निशांत कुमार को नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के ओएसडी और द्वितीय परिसर के प्रभारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि कुलपति के आदेश के तहत प्रो. निशांत कुमार को प्रबंध विज्ञान विभाग से आईएमएस में ओएसडी एवं प्रभारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।